भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

प्रैस विज्ञप्ति

16.07.2024 – अखिल भारतीय

बैंक एश्योरेंस के लिए एलआईसी ने आईडीएफ़सी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के साथ टाय अप किया

बैंक एश्योरेंस के योगदान को बढ़ाने और 2047 तक सभी को जीवन बीमा कवरेज प्रदान करने के अपने प्रयास को जारी रखते हुए, एलआईसी ने कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था के तहत देश के सबसे बेहतरीन तकनीकी रूप से उन्नत और भरोसेमंद बैंकों में से एक आईडीएफ़सी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के साथ टाय अप किया है। टाय अप पर 16 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए।

इस टाय अप से आईडीएफ़सी फर्स्ट बैंक के 1 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सुविधा मिलेगी जो अब बैंक के माध्यम से एलआईसी पॉलिसी खरीद सकेंगे। डिजिटल ऑन-बोर्डिंग की यात्रा पहले ही शुरू हो चुकी है और विकास के चरण में है और एक बार पूरा होने के बाद ग्राहक बैंक की वेबसाइट पर जाकर एलआईसी पॉलिसी ऑनलाइन खरीद सकेंगे। एक बहुत ही तकनीक-कुशल बैंक जहां 95% से अधिक लेन-देन ऑनलाइन हो रहे हैं, इससे बैंक के ग्राहकों के लिए अपनी विभिन्न जीवन बीमा आवश्यकताओं के लिए हर वस्तु का समाधान प्राप्त करना एक शानदार अनुभव होगा।

एलआईसी की 3600 से अधिक शाखाओं और सैटेलाइट कार्यालयों तथा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की 1000 से अधिक शाखाओं के विशाल नेटवर्क की संयुक्त संख्या से देश भर में जीवन बीमा की पहुंच आसान हो जाएगी और यह 2047 तक सभी को जीवन बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लक्ष्य को प्राप्त करने में बहुत दूर तक का सफर तय करेगा।

देश की प्रमुख बीमा कंपनी होने के नाते, एलआईसी के पास वार्षिकी, यूलिप, बचत और टर्म इंश्योरेंस सहित विभिन्न प्रकार के उत्पादों के साथ समाज के सभी वर्गों के लिए योजनाएं हैं।

इस अवसर पर एलआईसी के प्रबंध निदेशक श्री आर दुरैस्वामि ने बताया कि इन दोनों संगठनों के एक साथ आने से आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के डिजिटल जानकार ग्राहकों को एलआईसी के आकर्षक उत्पादों के विस्तृत विकल्प उपलब्ध होगें।

16 जुलाई, 2024 को मुंबई में दिनांकित

अधिक जानकारी हेतु कृपया संपर्क करे : कार्यकारी निदेशक (नि.स.) भारतीय जीवन बीमा निगम,केंद्रीय कार्यालय, मुंबई

ईमेल आईडी : ed_cc@licindia.com । हमे www.licindia.in पर विजिट करे

हमारा मानना है कि इस विज्ञप्ति में निहित समाचार आपके पाठकों के लिए उपयोगी हैं। हालाँकि हम इसे यथाशीघ्र प्रकाशित करने के लिए आपको धन्यवाद देंगे, हम यह भी स्वीकार करते हैं कि ऐसा करने का निर्णय पूरी तरह से आप पर निर्भर है।